तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि

रायपुर, सोमवार 28 अक्टूबर 2024

[ बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला ]



10 धारासीव में खेलकूद स्पर्धा हुई, दौड़ में हिमांशु ...





10 बच्चों ने राउत नाच और सुआ नृत्य की प्रस्तुति दी









## खबर संक्षेप

### राशनकार्ड नवीनीकरण 31 अक्टूबर तक

**सारंगढ़–बिलाईगढ।** वन नेशन वन कार्ड अंतर्गत शासकीय उचित मूल्य दुकान में राशन कार्ड नवीनीकरण के लिए हितग्राही परिवार के सभी सदस्यों के आधारकार्ड और अंगूठे का ईकेवाईसी 31 अक्टूबर 2024 तक करना अनिवार्य है। इसमें परिवार के सदस्य छत्तीसगढ़ के अलग अलग स्थानों में निवास कर रहे हैं तो वे सदस्य अपने नजदीकी शासकीय उचित मूल्य दुकान में अपना ईकेवाईसी और राशन कार्ड नवीनीकरण कार्य पूरा कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि राशन कार्ड का चालू हालत में होना बहुत जरुरी कार्य है। इस कार्ड की आवश्यकता राशन के अलावा केंद्र और राज्य सरकार की सभी योजनाओं के लाभ के लिए एक प्रमुख दस्तावेज है। इन योजनाओं में राशन, आवास, इलाज, छात्रवृत्ति, शिक्षा, लोन आदि शामिल हैं। प्रत्येक परिवार का राशन कार्ड नवीनीकरण कराना नितांत आवश्यक कार्य है।

### राज्योत्सव में कला प्रदर्शन के लिए आवेदन 30 तक

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना पर जिले में आयोजित राज्योत्सव में अपने कला का प्रदर्शन करने के इच्छुक, जिले के निवासी कलाकार जिन्होंने अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, अंतर्राज्यीय, राज्य और संभाग स्तर में अपने सांस्कृतिक कला का प्रदर्शन किया है, वो अपना नाम, पता, विधा का नाम, मोबाइल नंबर, पुरस्कार आदि का विवरण देते हुए आवेदन पत्र 30 अक्टूबर तक कार्यालय परियोजना निदेशक जिला ग्रामीण विकास प्रशासन योजना जिला पंचायत खेलभाटा मैदान के पास सारंगढ़ में स्वयं उपस्थित होकर जमा कर सकते हैं।

### डिजिटल क्रॉप सर्वे की राशि जारी करने की मांग

**महासमुंद।** राजस्व विभाग द्वारा डिजिटल क्रॉप सर्वे के तहत गिरदावरी रिपोर्ट तैयार कराया गया था। इस कार्य के लिए नियुक्त सर्वेयरों को प्रति टॉस्क 10 रुपए देना था, लेकिन यह राशि अब तक नहीं मिली है। सर्वेयर का काम करने वाले चंदन साहू ने छत्तीसगढ़ शासन से डिजिटल क्रॉप सर्वे की रकम देने की मांग की है।

### इन पांच टंकियों से वार्डों में होने वाली जलापूर्ति आज रहेगी बाधित

**महासमुंद।** विद्युत विभाग द्वारा दिवाली पर्व पूर्व फिल्टर प्लांट बेलसोंडा और मुढ़ेना के इंटकवेल में मेंटनेंस कार्य कराए जाने के कारण चलते 28 अक्टूबर सोमवार की शाम को शहर के पांच टंकियों से होने वाले जलापूर्ति बाधित रहेगी। नगर पालिका की ओर से जारी सूचना के अनुसार शहर के नयापारा क्षेत्र स्थित अटल आवास, अंबेडकर स्कूल, बस स्टैंड, अपना मार्केट और पिटियाझर पानी टंकी में जलभराव नहीं हो पाएगा, जिसकी वजह से उक्त पानी टंकियों से उक्त वार्डों में होने वाली जलापूर्ति बाधित रहेगी। नपाध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग और सीएमओ विजय पांडेय ने नागरिकों को होने वाली इस परेशानी के लिए खेद व्यक्त किया है।

**आपरेशन विश्वास : शहर पुलिस ने गुरुनानक वार्ड अटल आवास में की छापामार कार्रवाई**

# दो जगहों पर दबिश देकर जब्त की अवैध शराब, छह कोचियों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

शहर पुलिस ऑपरेशन विश्वास में अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले कोचियों एवं शांति भंग करने वाले असामाजिक तत्वों की धरपकड़ कार्रवाई लगातार कर रही है। 27 अक्टूबर को को शहर पुलिस ने सुबह 4 से 7 बजे के मध्य पूरी तैयारी के साथ गुरुनानक वार्ड अटल आवास में घेराबंदी कर छापामार अभियान चलाया। कार्रवाई में अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले 4 कोचियों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों से 22,770 रुपए मूल्य का 207 पाव देशी मसाला शराब बरामद की गई।


अभियान के दौरान अटल आवास एवं आरोपियों की विधिवत तलाशी ली गई। आरोपियों से 1 धारदार चाकू बरामद किया गया। आरोपियों से 3 मोबाइल, शराब परिवहन में प्रयुक्त होने वाली मोटरसाइकिल क्रमांक CG04 MG 7052 को भी जब्त किया। आरोपियों के विरुद्ध थाना भाटापारा शहर में अपराध क्र. 486/2024 धारा 34(2) आबकारी एक्ट एवं 25 आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर आगे की कार्रवाई की गई।

**28 हजार की शराब, बाइक, मोबाइल व चाकू किया बरामद**

**पकड़े गए आरोपियों के नाम**

- लीलाधर चक्रधारी उर्फ गोलू उम्र 19 वर्ष निवासी गुरुनानक वार्ड पंचशील नगर थाना भाटापारा शहर
- अल्ताफ शेख उर्फ टिंकू उम्र 24 साल निवासी गुरुनानक वार्ड भाटापारा थाना भाटापारा शहर
- खिलावन गेंदले उर्फ नानू उम्र 23 साल निवासी ग्राम कुम्हार खान थाना भाटापारा ग्रामीण वर्तमान निवासी अटल आवास गुरुनानक वार्ड थाना भाटापारा शहर
- रितिक लसेल उर्फ मोंटू उम्र 20 साल निवासी पंचशील वार्ड भाटापारा थाना भाटापारा शहर





### दो शराब कोचिया गिरफ्तार

सिमगा। सिमगा पुलिस द्वारा शराब कोचियों पर कार्रवाई करते हुए रविवार को ग्राम चौरेंगा में घेराबंदी कर अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले 2 शराब कोचियों को गिरफ्तार किया है। जिनमें दौलत साहू 33 वर्ष ग्राम चौरेंगा, एवं उमेश वासुदेव 26 वर्ष निवासी ग्राम चौरेंगा शामिल है। आरोपियों से 5280 कीमत मूल्य का 48 पाव देशी मसाला शराब तथा बिक्री रकम 450 जब्त किया गया है। आरोपियों के विरुद्ध थाना सिमगा में 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्घ कर आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।



# 3.375 किग्रा गांजा के साथ एक आरोपी को पकड़ा गया



हरिभूमि न्यूज ⏭ भटगांव

एक युवक को बाइक में गांजा का परिवहन करते हुए पुलिस ने रविवार को पकड़ लिया। पुलिस ने झुमरपाली के पास युवक की बाइक की सीट से 3.375 किलोग्राम गांजा बरामद किया। गांजे के साथ बाइक, मोबाइल को जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के अनुसार नवपदस्थ थाना प्रभारी सुनील कुजूर के नेतृत्व मे रविवार को मुखबिर से सूचना के आधार पल्सर मोटर साइकिल से सरसीवा तरफ से भटगांव की ओर अवैध गांजा परिवहन पर चेकिंग पाइंट लगाया गया। झुमरपाली के पास चेकिंग ▸▸ शेष पेज 08 पर

- गांजे के साथ, बाइक व मोबाइल भी बरामद
- सरसींवा से भटगांव की ओर आते युवक को दबोचा

**कार्रवाई में इनका रहा विशेष योगदान**

पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी सुनील कुजूर, सहनि टीकाराम खटकर, प्रधान आरक्षक श्रवण बरिहा, आरक्षक खिलवान बघेल, नरेन्द्र चंद्रा, शशिकांत खुंटे, प्रमोद साहू एवं भटगांव थाना स्टाफ का विशेष योगदान रहा।

# लापरवाही पर प्रधानआरक्षक की एक वेतनवृद्धि रोकी गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

अपराध की विवेचना के दौरान प्रकरण को अनावश्यक लंबित रखते हुए लापरवाही करने वाले सिमगा पुलिस थाना में पदस्थ प्रधान आरक्षक राजेन्द्र नेताम की जिला पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल द्वारा लघुशस्ति आगामी एक वेतनवृद्धि एक वर्ष के लिए असंचयी प्रभाव से रोकने जिसका प्रभाव आगामी वेतनवृद्धि एवं पेंशन आदि पर नहीं पड़ेगा से दंडित किए जाने का आदेश दिया गया है। 25 अक्टूबर को जारी किए गए आदेश में बताया गया है कि



जिले में लंबित अपराधों की समीक्षा के दौरान सिमगा पुलिस थाना में लंबित अपराध क्रमांक 128/2024 भादवि की धारा 294, 323, 506 अपराध क्रमांक 163/2024 भादवि की राधा 279,337 एवं अपराध क्रमांक 185/2024 भादवि की धारा 279 के समरी ट्रायल मामलों में लगातार विवेचना न कर प्रकरण को अनावश्यक लंबित रखना पाया गया। इस संबंध में प्रकरण के विवेचक को स्पष्टिकरण जारी कर जवाब मांगने पर उसके द्वारा संतोषप्रद एवं समाधान कारक जवाब देना नहीं पाया गया।

# मुख्यमंत्री जनदर्शन से कीर्ति को मिली खुशियों की सौगात



हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

मुख्यमंत्री जनदर्शन में लोगों की समस्या का त्वरित समाधान होने से इस कार्यक्रम के प्रति लोगों में भरोसा बढ़ते जा रहा है। जनदर्शन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय स्वयं लोगों की समस्या सुनते हैं और त्वरित निराकरण के निर्देश अधिकारियों को देते हैं। इसी उम्मीद के सहारे अपनी समस्या लेकर कीर्ति सेन भी मुख्यमंत्री जनदर्शन में पहुंची और अपनी व्यथा मुख्यमंत्री को बताई। मुख्यमंत्री साय ने कीर्ति सेन को आस पास के गांव में रिक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता के पद पर समायोजित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। कुछ दिनों बाद ही कीर्ति सेन को अधिकारियों ने बतया कि उन्हें अपने गांव से करीब 8 किलोमीटर दूर गांव के आंगनबाड़ी में कार्यकर्ता के रूप में समायोजित कर दिया गया है और उक्त आंगनबाडी में पद ग्रहण करना है। यह सुनते ही कीर्ति सेन की खुशी का ठिकाना न ▸▸ शेष पेज 08 पर

# रैली निकालकर नशा के दुष्प्रभाव की दी जानकारी




हरिभूमि न्यूज ⏭ सुहेला

गायत्री परिवार के सदस्यों द्वारा ग्राम मोपर में व्यसन मुक्त युवा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नशा मुक्ति रैली के माध्यम से लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी गई और युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। इस आयोजन के अंतर्गत ग्राम में एक सर्वे कराया गया, जिसमें युवाओं की आयु सीमा 15 से 40 वर्ष निर्धारित की गई।

इस सर्वे में शामिल युवाओं का चयन के परिणामस्वरूप, मोपर से 65, मल्दी से 40 और देवरानी से 28 कुल 133 ग्रामीण युवाओं को संस्था द्वारा प्रमाण पत्र और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। गायत्री परिवार के सदस्यों ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि नशे से दूर रहकर ही वे अपनी क्षमताओं को पहचान सकते हैं और अपने जीवन में सफलता प्राप्त कर सकते हैं।

**वीर नारायण सिंह महाविद्यालय में कार्यशाला का हुआ आयोजन**

# जनजाति समाज सबसे प्राचीन समाज है : प्राचार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़

शासकीय शहिद वीर नारायण सिंह महाविद्यालय बिलाईगढ़ में जनजातीय गौरव माह अंतर्गत जनजाति समाज का गौरवशाली अतीत ऐतिहासिक सामाजिक एवं आध्यात्मिक योगदान विषय पर कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को महाविद्यालय सभाकक्ष में किया गया। कार्यक्रम को शुभारंभ भारत माता एवं रानी दुर्गावती, शहीद वीर नारायण सिंह, बिरसा मुंडा के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य वक्ता पुनेश्वर नाथ मिश्रा ने जनजाति समाज के गौरवशाली अतीत पर व्याख्यान देते हुए कहा कि जनजाति समाज दुनिया का सबसे प्राचीन समाज है इन्होंने ही सभ्यता को सींचकर इस मुकाम तक लाया है इनके गौरवशाली इतिहास है। शासकीय डीके महाविद्यालय बलौदाबाजार के प्राचार्य डॉक्टर एआरसी जेम्स ने कहा कि जनजाति समाज कला और संस्कृति के मामले में बहुत ही समृद्धशाली समाज है। और दूसरे समाज के लिए प्रेरक रहे है। रामनारायण देवांगन अध्यक्ष नगर पंचायत बिलाईगढ़ ने कहा जनजाति समाज का इतिहास हमेशा गौरवशाली रहा है। इस अवसर पर छात्रओं द्वारा जनजाति नृत्य एवं गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह एवं श्रीफल भेंट किया गया। कार्यशाला में अध्यक्ष जनपद पंचायत बिलाईगढ़, राजेंद्र सिंह दीवान प्रपौत्र शहीद वीर नारायण सिंह, लखेश्वर प्रसाद, पुष्पेंद्र साहू, संस्था के प्राचार्य डॉ. सुनीता विक्रम कोसले, जीवेंद्र कुमार राठौर, तुलेश्वर सिंह धुरव प्रमुख रूप से उपस्थित थे।





## पाठक सूचना

हरिभूमि

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8224035555, 8370049468

**खबर संक्षेप**

## संजय बोले-बैज का बयान विष्णु के सुशासन पर मुहर

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा, प्रदेश सरकार द्वारा नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे



अभियान के तहत हुई मुठभेड़ों को कभी पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सुर में सुर मिलाकर फर्जी बताने वाले प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने आखिरकार 2026 तक नक्सलवाद के खात्मे को लेकर यह तो स्वीकार कर ही लिया है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार आने के बाद टारगेटेड एनकाउंटर हुए हैं और टारगेटेड एनकांटर में कोई आपत्ति नहीं है, बस्तर में शांति लौटनी चाहिए।

## असम उपचुनाव के स्टार प्रचारक होंगे विकास

**रायपुर।** असम उपचुनाव में स्टार प्रचारक के रूप में छत्तीसगढ़ के



पूर्व विधायक विकास उपाध्याय को शामिल किया गया है। एआईसीसी ने यहां के उप चुनाव के लिए 40 स्टार प्रचारकों के नाम निर्वाचन आयोग को दिया है, उसमें उनका नाम शामिल किया गया है। श्री उपाध्याय असम उनचुनाव के विशेष पर्यवेक्षक भी बनाए गए हैं। वहां के चुनाव की गतिविधियों पर पूरी तरह नजर रख रहे हैं।

## इंडिया गठबंधन एकजुटता से करेगा मुकाबला : साहू

रायपुर। आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू ने कहा है कि आम आदमी पार्टी के दिल्ली मुख्यालय में छत्तीसगढ़ प्रदेश के प्रमुख पदाधिकारियों कि बैठक रखी गई, जिसमें मंथन के बाद यह निर्णय लिया गया कि छत्तीसगढ़ में सांप्रदायिक ताकतों को रोकने के



लिए इंडिया गठबंधन एकजुटता से मुकाबला करेगा। इस वजह से रायपुर दक्षिण विधानसभा सीट पर आम आदमी पार्टी अपना उम्मीदवार नहीं उतारेगी। इंडिया गठबंधन की विचारधारा विकासवाद, समावेशिता और सामाजिक न्याय के सिद्धांतों पर है। अपने प्रयासों को मिलाकर, सदस्य दलों का उद्देश्य लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करना, कल्याण और प्रगति को बढ़ावा देना और उस विचारधारा का मुकाबला करना है, जो भारत के विचार को खतरे में डालती है।

## विकसित राष्ट्र बनाने में सहकारिता की भागीदारी होगी महत्वपूर्ण : शेखर



**रायपुर।** बैंकर ग्रामीण विकास संस्थान (बर्ड) कोलकाता द्वारा छत्तीसगढ़ सहकारी प्रशिक्षण संस्थान पंडरी में तीन दिवसीय आयोजित प्रदेश के को-ऑपरेटिव बैंकों के अधिकारियों के प्रशिक्षण का समापन शुक्रवार को किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नाबार्ड महाप्रबंधक शीतांशु शेखर ने प्रतिभागियों को संबोधित हुए कहा कि भारत सरकार के निर्देशन में वर्ष 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाना है। देश के आर्थिक विकास का आधार सहकारिता है। विकसित राष्ट्र बनाने में सहकारिता की भागीदारी महत्वपूर्ण होगी। ग्रामीण महिलाओं को स्व-सहायता समूह, फार्मर प्रोड्यूस आर्गेनाजर तथा राष्ट्रीय आजीविका मिशन से जोड़ना है, जिससे कि वह आर्थिक तौर पर आत्मनिर्भर बन सकें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि बैंकिंग में कंप्लायंस, साइबर सिक्योरिटी पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। इस कार्यक्रम में अपेक्स बैंक के प्रबंध संचालक केएन कांडे, उप महाप्रबंधक अपेक्स बैंक व छत्तीसगढ़ सहकारी प्रशिक्षण संस्थान के निदेशक भूपेश चंद्रवंशी आदि उपस्थित रहे।

# फोर्टिफाइड चावल खरीदी के लिए नाफेड का टेंडर निरस्त

### केंद्रीय खाद्य मंत्रालय ने नाफेड की जांच करने छत्तीसगढ़ शासन को लिखा पत्र


हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

केंद्रीय खाद्य मंत्रालय ने छत्तीसगढ़ शासन को पत्र लिखकर कहा है कि फोर्टिफाइड चावल खरीदी के लिए नाफेड द्वारा निकाले गए टेंडर को निरस्त करें। केंद्रीय खाद्य विभाग में सहायक निदेशक डॉ. प्रीति शुक्ला ने राज्य शासन के खाद्य सचिव से नाफेड की जांच कर अवगत कराने कहा है। नाफेड, यह फोर्टिफाइड चावल मार्कफेड के लिए खरीदी करता है। इससे पहले प्रदेश के राइस मिलर्स ने केंद्रीय खाद्य विभाग को शिकायत की थी, इसमें कहा गया था कि फोर्टिफाइड चावल की महत्वाकांक्षी योजना में लगने वाले एफआरके चावल के लिए छत्तीसगढ़ में नाफेड ने टेंडर बुलाया गया था। टेंडर में कुछ ऐसे नियम लगाए गए थे, जिससे कुछ विशेष निर्माताओं को ही लाभ हो। प्रदेश राइस मिल एसोसिएशन के इस अनियमितता की शिकायत पर यह पत्र भेजा था। बताया गया है कि नाफेड ने इसी महीने 44 हजार टन चावल खरीदने का टेंडर जारी किया था।

**तीसरी बार हुआ टेंडर निरस्त :** नाफेड को यह फोर्टिफाइड राइस जनवरी-फरवरी में राज्य को देना था। दो बार टेंडर निकाला गया था उसमें टेंडर की शर्तों को लेकर शिकायत के बाद निरस्त किया गया। तीसरी बार जो टेंडर जारी किया गया उसमें भी कुछ कंपनियों को फायदा पहुंचाने का प्रयास था, इस बार नाफेड ले इसे निरस्त करने से मना कर दिया था, तब राइस मिलर एसोसिएशन ने इसकी शिकायत सीधे

#### कुछ कंपनियों को फायदा पहुंचाने का आरोप

छत्तीसगढ़ राइस मिल एसोसिएशन ने भी गंभीर आपत्तियां दर्ज की थी। एसोसिएशन के अध्यक्ष योगेश अग्रवाल ने बताया कि नाफेड ने इस टेंडर में ऐसी शर्तें डाली थीं, जिसे कुछ खास कंपनियां ही पूरा कर सकती थीं। एसोसिएशन ने केंद्र सरकार से शिकायत कर दी थी कि फोर्टिफाइड राइस के टेंडर के जरिए नाफेड कुछ कंपनियों को फायदा पहुंचाने की कोशिश कर रहा है।



#### नाफेड को सप्लाई का एकाधिकार

खरीफ वर्ष 2022-23 के लिए भारत सरकार के आदेश के अनुसार राज्य के समस्त एफआरके निर्माताओं से इस चावल की खरीदी कर उसे मार्कफेड को सप्लाई करने का एकमेव एकाधिकार नाफेड अर्थात नेशनल एग्रीकल्चर कोऑपरेटिव फेडरेशन लिमिटेड जो कि भारत सरकार की एक बड़ी इकाई है, उसे दिया गया। आदेश के अनुसार अन्य राज्यों की तरह ही छत्तीसगढ़ में भी केवल नाफेड ही एफआरके की खरीदी राज्य के पंजीकृत एवं इम्पेनल निर्माता से ही कर सकेगा और मार्कफेड को विक्रय करेगा। मार्कफेड द्वारा उसे प्रदेश के राइस मिलर्स को प्रदाय किया जाएगा, जिसे प्रदेश के मिलर्स कस्टम मिलिंग के चावल में 1 प्रतिशत मिश्रित कर राज्य की चावल खरीदी एजेंसी नागरिक आपूर्ति निगम एवं केंद्रीय चावल खरीदी एजेंसी भारतीय खाद्य निगम में सप्लाई करेंगे।

### सुनील सोनी को जीत दिलाएं, आपको एक नहीं दो विधायक मिलेंगे

# सीएम साय बोले- कांग्रेस ने जनता की जेब से पैसे निकाले, भाजपा जेब में डाल रही

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर दक्षिण के उपचुनाव के लिए भाजपा के आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा, कांग्रेस पार्टी ने 2018 में जनता से झूठे वादे करके सरकार बनाई और पिछले पांच वर्ष कांग्रेस ने सिर्फ लूटने का कार्य किया। कांग्रेस छत्तीसगढ़ की जनता की जेब से पैसा निकालने का कार्य करती रही, लेकिन भाजपा की सरकार बनते ही हमारी सरकार ने जनता की जेब में पैसा डालने का काम किया है।

श्री साय ने कहा, दीपावली से पहले देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने महतारी वंदन का पैसा प्रदेश की बहनों के खाते में पहुंचाया है। उन्होंने कहा, प्रदेश के हर घर में नरेंद्र मोदी और भाजपा की योजनाओं का लाभ पहुंचा है। सभी परिवारों को केन्द्र एवं राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा, आप भाजपा प्रत्याशी सुनील सोनी के लिए कमल का बटन दबाएं आपको एक नहीं दो विधायक मिलेंगे।



#### बृजमोहन बोले- बड़ी जीत का करें वादा

सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, हमारे समक्ष प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय उपस्थित हैं और आज आप सभी उन्हें एक वादा कीजिए की पुनः रायपुर दक्षिण की सीट बड़ी मार्जिन से भाजपा की झोली में डालेंगे और अपने प्रत्याशी सुनील सोनी को विधानसभा में दक्षिण का नेतृत्व करने पहुंचाएंगे। मुख्य प्रवक्ता एवं विधायक अजय चंद्राकर ने कहा, रायपुर दक्षिण से लगातार आठ बार जीतने वाले बृजमोहन अग्रवाल के बारे में सवाल उठाकर भूपेश बघेल अपनी जगहसाई करवाते हैं। राजनीति से लेकर महापौर, सांसद, विधानसभा प्रत्याशी तक के जीवन काल में रायपुर के विकास की भूमि तैयार करने वाले सुनील सोनी है। वर्तमान महापौर जिसके एक भाई जेल में और एक भाई बेल में है को संरक्षण देकर भूपेश बघेल कांग्रेस की मानसिकता उजागर करते हैं। भाजपा प्रत्याशी सुनील सोनी ने कहा, आज कार्यकर्ताओं एवं जनता की विशाल भीड़ ने एक बार फिर बता किया कि रायपुर दक्षिण में फिर से कमल खिलने वाला है। इस दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सुनील सोनी के लिए रायपुर दक्षिण में चुनाव कार्यालय का विधिवत उद्घाटन किया। कार्यक्रम में उपचुनाव संयोजक एवं कैबिनेट मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल, शिवरतन शर्मा, भाजपा प्रवक्ता एवं विधायक अजय चंद्राकर, राजेश मूणत, विधायक मोतीलाल साहू, पुरंदर मिश्रा, मोहन एंटी, जयंती पटेल, अनुराग अग्रवाल, सत्यम दुवा, सुभाष तिवारी, मुकेश शर्मा, मीनल चौबे, मृत्युंजय दुबे, छगन मूंदड़ा, अकबर अली, अमित साहू, केदार गुप्ता सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

# दूसरी बार राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जगन्नाथ मंदिर के किए दर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

दो दिवसीय प्रवास पर राजधानी पहुंचीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को गायत्री नगर स्थित जगन्नाथ मंदिर के दर्शन किए। इस दौरान श्रीमती मुर्मू ने मुख्य मंदिर के गर्भगृह में पहुंचकर भगवान जगन्नाथ के दर्शन करते हुए आरती की। फल और मिष्ठान्न भी भेंट किया। विधिवत पूजा के साथ भगवान जगन्नाथ से छत्तीसगढ़ सहित देशवासियों के कल्याण और समृद्धि की प्रार्थना की। राष्ट्रपति ने संपूर्ण मंदिर का भ्रमण करते हुए देवी देवताओं के दर्शन किए। बता दें कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का जगन्नाथ मंदिर यह दूसरा प्रवास था। पिछले वर्ष भी महामहिम द्रौपदी मुर्मू जगन्नाथ मंदिर के दर्शन करने पहुंची थीं। इस दौरान मंदिर समिति के चेयरमैन व रायपुर उत्तर के विधायक पुरंदर मिश्रा ने मंदिर के इतिहास और महत्व की उन्हें जानकारी दी। इस दौरान राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू, सांसद बृजमोहन अग्रवाल उपस्थित थे।

#### राष्ट्रपति ने मंदिर का किया भ्रमण


राष्ट्रपति ने भगवान के दर्शन करने के साथ ही मंदिर में परिसर में अन्य देवी-देवताओं के भी दर्शन किए। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से आमंत्रित अतिथियों में विधायक धरमलाल कौशिक, प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव, वरिष्ठ भाजपा नेता रामप्रताप सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष जयंती पटेल, वरिष्ठ नेता छगन लाल मूंदड़ा, मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी, अमर पारवानी, सतीश छुगानी, राजीव लोचन महाराज, जी.स्वामी, सदन तिवारी, स्वामी परमात्मानंद इत्यादि ने मुलाकात की। अंत में विधायक पुरंदर मिश्रा के परिजनों ने उन्हें प्रतीक चिन्ह देकर विदाई दी। इस अवसर पर आयुक्त रायपुर संभाग महादेव कांवरे, कलेक्टर आईएएस गौरव सिंह, कमिश्नर आईएएस अविनाश मिश्रा, सहायक कलेक्टर अनुपमा आनंद, संयुक्त कलेक्टर निधि साहू, रायपुर डीआईजी, डीआईजी मिलना कुर्रे, एसएसपी आईपीएस संतोष कुमार सिंह, एडिशनल एसपी मिर्जा बेग, खम्हारडीह थाना के टीआई नरेन्द्र मिश्रा सहित कई प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।

# नरदहा-धनसुली सड़क चौड़ीकरण डेढ़ साल से अधूरा, लोग हो रहे परेशान

ठेका एजेंसी को निर्माण कार्य 3 जनवरी 2023 तक करना था पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

धरसींवा विधानसभा क्षेत्र में नरदहा-धनसुली सड़क चौड़ीकरण का कार्य पिछले डेढ़ साल से अटका पड़ा हुआ है। इस सड़क को चौड़ीकरण करने का काम वर्ष 2022 में नवापारा अंबिकपुर की एजेंसी को सौंपा गया था। टेंडर के अनुसार सड़क का चौड़ीकरण के साथ पुल-पुलिया का मजबूतीकरण किया जाना था। इसके लिए एक वर्ष का समय निर्धारित किया गया था, लेकिन टेंडर की समय-सीमा खत्म हुए डेढ़ वर्ष से भी अधिक हो चुका है। बावजूद सड़क का काम अब तक पूर्ण नहीं हो पाया है। इसके कारण इस सड़क से आवागमन करने वाली वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लोक



निर्माण विभाग ने 3.80 किलोमीटर लंबी नरदहा-धनसुली मार्ग को चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण पुल-पुलिया के साथ कार्य करने के लिए टेंडर जनवरी 2022 में निकाला था। इस टेंडर को नवापारा अंबिकापुर की एजेंसी प्रकाश चंद को दिया गया था। यह टेंडर 857.00 लाख रुपए दिया गया है। सूत्रों के अनुसार इस एजेंसी को टेंडर के अनुसार एडवांस राशि का भुगतान भी किया गया था, जिसके बाद एजेंसी द्वारा इसका निर्माण कार्य प्रारंभ किया था। टेंडर के अनुसार एजेंसी को इसका निर्माण कार्य 3 जनवरी 2023 तक पूर्ण करना था, लेकिन यह काम अब तक अधूरा है।

#### डामरीकरण का काम अटका

एजेंसी ने टेंडर के अनुसार सड़क को चौड़ीकरण का काम पूर्ण कर लिया है, लेकिन सड़क को अब तक डामरीकरण नहीं किया गया है। इसके कारण इस सड़क पर आवागमन करने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सूत्रों के अनुसार निर्माण एजेंसी को कार्य से संबंधी राशि का पूरा भुगतान हो चुका है। इसके बाद भी एजेंसी इसका निर्माण कार्य अब तक पूर्ण नहीं कर पाई है।

# प्रेक्षक रेखा रानी ने किया स्ट्रांगरूम एवं मतगणना स्थल का निरीक्षण

**रायपुर।** रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव की तैयारियां जोरशोर से की जा रही हैं। इस क्रम में शनिवार को सामान्य प्रेक्षक जी. रेखा रानी ने सेजबहार के इंजीनियरिंग कॉलेज के स्ट्रांग रूम एवं मतगणना स्थल का निरीक्षण किया। रेखा रानी ने इस दौरान कहा कि मतदान सामग्री का वितरण एवं वापसी इंजीनियरिंग कॉलेज से किया जाना है, जिसे व्यवस्थित रखा जाए। उन्होंने राजनैतिक दलों के लिए स्ट्रॉग रूम में सीसीटीवी कैमरे लगाने के साथ सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त रखने बैरिकेड्स की अच्छी व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए। प्रेक्षक रेखा रानी ने कहा कि पोस्टल बैलेट के संबंध में सारी व्यवस्था सुनिश्चित कर ली जाए। जिन अधिकारियों-कर्मचारियों को डाक मतपत्र दिया जाना है, उनकी अंतिम सूची बना लें और समय-सीमा के भीतर वितरण करें।

# दक्षिण विस चुनाव के लिए कांग्रेस ने बनाई रणनीति

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर दक्षिण विधानसभा चुनाव के लिये कांग्रेस नेताओं ने रणनीति बनाई है। कांग्रेस नेताओं ने सभी सेक्टर तथा बूथ एवं वार्ड प्रभारियों को उनके क्षेत्र की विस्तृत जानकारी दी। सभी ब्लाकों में तथा कुल 19 वार्डों में विधानसभा क्षेत्र को बांटकर वरिष्ठ नेताओं को प्रभार दिया गया है। कांग्रेस नेताओं ने इस बात के लिये एकजुटता दिखाई कि दक्षिण विधानसभा में अबकि बार कांग्रेस प्रत्याशी को विजयी बनाना है। ब्लाक या वार्ड या स्थानीय वोटर को चिन्हित कर सकते हैं। सभी समाज के लोगों को जोड़कर काम करना है। भाजपा सरकार की नाकामी बड़ा मुद्दा है। विधायकों, पूर्व विधायकों, वरिष्ठ नेताओं की बैठक को संबोधित करते हुये नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा, चुनाव में सरकार की नाकामी बड़ा मुद्दा है। भाजपा की सरकार ने छत्तीसगढ़ को शर्मसार कर दिया है। भाजपा की सरकार ने सामाजिक वातावरण को खराब किया है। सरकार के खिलाफ वातावरण बना सकते हैं। भाजपा सरकार ने 10 महीने में अराजकता फैलायी है। भाजपा सरकार की अराजकता को लोगों को बताना है।



#### महंत के नेतृत्व में हुई बैठक

महत्वपूर्ण बैठक नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत की अध्यक्षता में हुई। बैठक में एआईसीसी सचिव एवं छत्तीसगढ़ सह प्रभारी एसए सम्पत कुमार, जरिता लैतफलांग, विजय जांगिड़ एआईसीसी के सचिव राजेश तिवारी, पूर्व मंत्री धनेन्द्र साहू, सत्यनारायण शर्मा, रविन्द्र चौबे, ताम्रध्वज साहू, उमेश पटेल, अनिला भेड़िया, गुरू रूद्रकुमार ने अपने सुझाव दिया। बैठक में कांग्रेस विधायक, पूर्व विधायक और कांग्रेस संगठन के पदाधिकारी शामिल हुए।

## पेज 7 के शेष

### 3.375 किग्रा गांजा...

पाइंट लगाकर मोटर सायकल के साथ एक व्यक्ति को पकड़ कर पूछताछ करने पर अपना नाम दिलीप दास मानिकपुरी उम्र 45 वर्ष साकिन खाण्डा थाना सीपत जिला बिलासपुर होना बताया। बाइक के सीट में गांजा होना बताया। गांजा को गवाहों के समक्ष जब्त कर तौल कराने पर वजन 3 किलो 735 ग्राम आया, जिसका बाजार मूल्य 37350 रुपए था। आरोपी की पल्सर मोटर सायकल पुरानी इस्तेमाल की हुई जिसकी कीमत 20 हजार रुपए व एक पेड मोबाइल फोन कीमत 2000 जुमला कीमती 59350 रुपए बरामद किया गया। आरोपी द्वारा अवैध रूप से गांजा बिक्री परिवहन करना सिध्द पाये जाने पर आरोपी के विरूध्द अपराध धारा 20 बी एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा मे जेल भेजा गया है।

### मुख्यमंत्री जनदर्शन से...

रहा। कीर्ति ने माना कि मुख्यमंत्री ने सचमुच ही खुशियों की सौगात दे दी है। अब कीर्ति सेन पलारी के गबौद में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के रूप में नौनिहालों को ककहरा सिखाती हुई अपने परिवार की बेहतरी की ओर अग्रसर है और जीवन पथ को नया मोड़ दे रही है।










राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।




विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130


शुभ दीपावली
मा. नरेन्द्र मोदी जी
मा. अमित शाह जी
मा. जे.पी. नड्डा जी
मा. डॉ. रमन सिंह जी
मा. बृजमोहन अग्रवाल जी
मा. अरूण साव जी
मा. विजय शर्मा जी
मा. किरण देव जी
मा. केदार कश्यप जी
मा. श्याम बिहारी जायसवाल जी
मा. ओ.पी. चौधरी जी
मा. रामविचार नेताम जी
मा. दयाल दास बघेल जी
मा. लखन लाल देवांगन जी
मा. श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े जी
मा. गौरीशंकर अग्रवाल जी
मा. शिवरतन शर्मा जी
मा. डॉ. सनम जांगड़े जी
मा. विजय केशरवानी जी
प्रदेशवासियों को
धनतेरस
एवं दीपावली पर्व
की
हार्दिक बधाई
एवं
अनंत
शुभकामनाएं...
मा. श्री विष्णुदेव साय जी
मुख्यमंत्री
छ.ग. शासन
मा. श्री टंकराम वर्मा जी
मंत्री- राजस्व एवं आपदा प्रबंधन,
खेलकूद एवं युवा कल्याण
शुभेच्छु :- समस्त कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी, विधानसभा बलौदाबाजार

## खबर संक्षेप

### होटल में शराब पिलाने की सुविधा देने पर कार्रवाई

**महासमुंद।** जगदीशपुर रोड स्थित होटल में शराब पीने की सुविधा देने पर संचालक पर कार्रवाई की गई। पुलिस ने बताया कि सूचना मिली थी कि जगदीशपुर रोड स्थित अपना होटल में उसका संचालक लोगों को शराब पीने की सुविधा उपलब्ध करा रहा है। पुलिस ने वहां पहुंचकर पूछताछ की जिस पर होटल संचालक ने अपना नाम जितेंद्र चौहान पिता शौकीलाल चौहान (39 साल) पिरदा होना बताया और शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराना स्वीकार किया। पुलिस ने उक्त स्थान पर दो नग देशी प्लेन शराब की खाली शीशी व दो नग डिस्पोजल गिलास को जब्त किया। वहीं आरोपी के खिलाफ धारा 36(सी) के तहत कार्रवाई की गई।

### अवैध रूप से शराब बेच रहे व्यक्ति पर कार्रवाई

**महासमुंद।** अवैध रूप से शराब बेचने वाले व्यक्ति पर सिंघोड़ा पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम सिंघोड़ा में एक व्यक्ति अवैध रूप से हाथ भठ्ठी निर्मित देशी महुआ शराब बिक्री हेतु छुपाकर रखा है। इसके बाद मौके पर पहुंचकर आरोपी राजाराम खुंटे पिता खैनू खुंटे (39 साल) सिंघोड़ा के कब्जे से कुल 20 लीटर हाथ भट्ठी निर्मित देशी महुआ शराब कीमत 4000 रुपए जब्त किया गया। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### विस उपचुनाव के लिए प्रभारियों की नियुक्ति

**महासमुंद।** भाजपा की प्रदेश पार्टी द्वारा रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव के लिए प्रभारियों की नियुक्ति की गई है। जिसमें महासमुंद से पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विमल चोपड़ा को रायपुर दक्षिण विधानसभा के सिविल लाइन मंडल क्षेत्र के चुनाव कार्य का आबंटन किया गया। पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक और रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा के साथ मिलकर संयुक्त संचालक का कार्य संभालेंगे।

### आनंद पौराणिक फिर बने साहित्य समिति आस्था के अध्यक्ष

**महासमुंद।** शरद पूर्णिमा के पावन पर्व पर स्थानीय त्रिमूर्ति कालोनी स्थित जीवन सदन में साहित्य समिति आस्था के पुनर्गठन संबंधी बैठक में सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद पर पुनः आनंद तिवारी पौराणिक को ध्वनि मतों से चुने गए। उनके नाम का प्रस्ताव एस चंद्रसेन ने रखा, जिसका समर्थन सभी सदस्यों ने किया। सदस्यों ने संरक्षक एस चंद्रसेन को चुना। सरिता तिवारी व सुरेंद्र अग्निहोत्री उपाध्यक्ष तथा सचिव, मीडिया प्रभारी टेकराम सेन चुने गए। कोषाध्यक्ष सुजाता विश्वनाथन एवं कार्यकारिणी के सदस्यों में केआर चंद्राकर, कमलेश पांडेय व एमआर विश्वनाथन चुने गये। समिति के निर्वाचित अध्यक्ष आनंद पौराणिक ने सभी पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सबके सहयोग व निष्ठा से ही यह समिति तीन दशकों से राष्ट्रभाषा हिंदी पर्व मातृभाषा छत्तीसगढ़ी की सेवा व प्रचार-प्रसाद में निर्बाध रुप से कार्य कर रही है। उक्ताशय की जानकारी सचिव व मीडिया प्रभारी टेकराम सेन ने दी।

**खेलकूद : सभी विजयी प्रतिभागियों को मोमेंटो एवं मेडल से किया गया**

# धारासीव में खेलकूद स्पर्धा हुई, दौड़ में हिमांशु व लंबीकूद में श्वेता प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

संकुल केंद्र धारासीव में संकुल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ सरपंच धारासीव द्वारा मां सरस्वती के पूजन अर्चन के साथ किया गया । संकुल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में सात प्राथमिक धारासीव, चंदलीडीह, दर्राभाटा,जमनार, रिकोटार, डोकरीडीह ,ठाकुरदिया ,तीन पूर्व माध्यमिक शाला रिकोटार, धारासीव और डोकरीडीह तथा एक हाई स्कूल धारासीव प्रतियोगिता में सम्मिलित हुए। जिसमें प्राथमिक बालक वर्ग 50 मीटर दौड़ हिमांशु रिकोटार प्रथम, रघुवीर दर्रा भाटा द्वितीय, 100 मीटर दौड़ घृत कुमार रिकोटार प्रथम, करण कुमार चंदलीडीह द्वितीय, लंबीकुद घृत कुमार रिकोटार प्रथम, दुर्गेश धारासीव द्वितीय, कबड्डी रिकोटार प्रथम डोकरीडीह द्वितीय, खो खो रिकोटार प्रथम, डोकरीडीह द्वितीय, बालिका वर्ग प्राथमिक 50 मीटर दौड़ हिमानी धारासीव प्रथम, राखी रिकोटार द्वितीय, 100 मीटर दौड़ बबीता धाराशिव प्रथम, माही रिकोटार द्वितीय, लंबीकूद बबीता धाराशिव प्रथम, प्रेमलता रिकोटार द्वितीय, कबड्डी धाराशिव प्रथम, चंदलीडीह द्वितीय, खो खो धाराशिव प्रथम, रिकोटार द्वितीय। पूर्व माध्यमिक बालक वर्ग 100 मीटर दौड़ चंद्रशेखर धाराशिव प्रथम, चंद्र कुमार डोकरीडीह द्वितीय, 200 मीटर दौड़ चंद्रशेखर धाराशिव प्रथम, अखिलेश रिकोटार द्वितीय, लंबीकूद खिलेश रिकोटार प्रथम, चंद्रशेखर धाराशिव द्वितीय, रस्सा कस्सी रिकोटार प्रथम डोकरीडीह द्वितीय, कबड्डी रिकोटार प्रथम, धाराशिव द्वितीय, खो खो रिकोटार प्रथम डोकरीडीह द्वितीय।



**इनकी रही उपस्थिति** इस संपूर्ण प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में महेत्तर लाल देवांगन, मानेश पाड़े, अनिल, नवल, रोशन देवांगन, दीप्ति भट्ट कृष्ण बंजारे, कोमल साहू, दिनेश्वर केसरवानी, कविता साहू, टीकाराम साहू, बिंदेश्वरी साहू, प्रदीप केसरवानी, दरस सिदार, रामकुमार पटेल, चौथ राम कैवर्त्य, अशोक पटेल, साधमति मीरी, भूषण बंजारे, कालीचरण, चंद्रा, अशोक देवांगन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन हरेंद्र साहू एवं महेत्तर लाल देवांगन द्वारा किया गया। कार्यक्रम प्रभारी के रूप में डीएस जाटवार, मानेश पाड़े, मनोज भोई, चौथ राम कैवर्त्य, राम कुमार पटेल, सावित्री साहू उपस्थित थे।

### कबड्डी में धारासीव प्रथम

बालिका वर्ग 100 मीटर दौड़ कविता धाराशिव प्रथम, भैरवी रिकोटार द्वितीय, 200 मीटर दौड़ कविता धाराशिव प्रथम, खुशबू डोकरीडीह द्वितीय, लंबीकूद श्वेता धराशिव प्रथम, खुशबू डोकरीडीह द्वितीय, रस्साकसी धारा शिव प्रथम, रिकोटार द्वितीय, खो खो धारा शिव प्रथम, रिकोटार द्वितीय, कबड्डी धारासीव प्रथम रिकोटार द्वितीय। हाई स्कूल 100 मीटर दौड़ कविता प्रथम पल्लवी द्वितीय, 200 मीटर कविता प्रथम, पल्लवी द्वितीय, लंबी कूद पल्लवी प्रथम, कविता द्वितीय। बालक वर्ग 100 मीटर दौड़ मुकेश प्रथम, सूरज द्वितीय, 200 मीटर मुकेश प्रथम यमन दास द्वितीय, लम्बी कूद मुकेश प्रथम, राजाराम द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजयी प्रतिभागियों को मोमेंटो एवं मेडल से सम्मानित किया गया।

# दीपावली पर्व के लिए सजा बाजार, जमकर हुई खरीदारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

दीपावली पर्व को अब मात्र कुछ दिन का ही समय शेष रह गया है। ऐसे में लोग जोर शोर से पर्व की तैयारियों में जुट गये हैं। दीप पर्व के लिए दुकानों में भीड़ बढ़ गई है। सामान्य जरुरत के सामानों के साथ ही अन्य नये - नये सजावटी सामानों की डिमांड पहले से ज्यादा हो रही है। इस बार भी दीपावली पर्व को लेकर बाजार में कपडे, ज्वेलरी, इलेक्ट्रानिक, बर्तन, आटोमोबाईल के अलावा रेडीमेड होम डेकोरेटर सामान की डिमांड ज्यादा है। इस वर्ष कुम्हारों द्वारा हाथों से बनाये गये मिट्टी के दीयों के साथ ही फैसी दिये की बिक्री भी हो रही है। दीपावली पर्व के पहले ही नगर रोशनी से जगमगाने है।

### जमीन का सौदा कर 90 लाख लेने के बाद भी रजिस्ट्री कराने में आनाकानी

**महासमुंद।** जमीन का सौदा कर 90 लाख रुपए लेने के बाद भी रजिस्ट्री कराने में आनाकानी करने वाले दो लोगों के खिलाफ पीड़ित व्यक्ति ने सांकरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने बताया कि गौरव अग्रवाल पिता प्रदीप अग्रवाल (34 साल) निवासी रायपुर ने अवध नारायण दीक्षित पिता अक्षयवर दीक्षित (76 साल) भोकलूडीह की ग्राम लोहराकोट में स्थित जमीन खसरा नं.406, 407, 408, 409 कुल रकबा 7.180 हेक्टेयर खरीदने के लिए बिक्री 95,75,000 रुपए में सौदा पत्र इकरारनामा कराया था। पुलिस ने बताया कि प्रार्थी ने 05 जनवरी 2022 एवं 08 फरवरी 2022 कुल रकम 90 लाख रुपए विक्रेता अवध नारायण दीक्षित के बैंक खाते में आरटीजीएस के माध्यम से भुगतान किया और बाकी रकम रजिस्ट्री के बाद देने का सौदा हुआ। इसी दौरान 10 फरवरी 2022 को अवधनारायण दीक्षित की मृत्यु हो गई। सौदा पत्र इकरारनामा के मुताबिक भूमि स्वामी के द्वारा भूमि को परिवारजनों की पूर्ण सहमति एवं रजामंदी से विक्रय करना तथा भूमि स्वामी की मृत्यु होने की स्थिति में उनके वारिसानों एवं उत्तराधिकारियों के द्वारा रजिस्ट्री कराए जाने का अपने सौदा पत्र में उल्लेख किया गया था।

# 12वीं के विद्यार्थियों ने एग्जीबिशन एवं सेमिनार का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

सागर पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा शनिवार को एग्जीबिशन एवं सेमिनार का आयोजन किया गया। तथा विद्यालय परिवार की ओर से पालक टीचर्स मीटिंग विद्यालय परिसर में रखा गया। नर्सरी से लेकर 12वीं तक के छात्र- छात्राओं के द्वारा सभी विषयों का मॉडल, एवं चित्रों के द्वारा विषय संबंधित सभी जानकारी पालको एवं उपस्थित दर्शकों को दिया गया। खेल–खेल में शिक्षा के पद्धति को ध्यान में रखते हुए इस टाइप का कार्यक्रम सभी स्कूलों में अनिवार्य रूप से होना चाहिए। इस तरह से शिक्षा पद्धति के क्षेत्र में कार्य करने से बच्चों का भी मन पढ़ने में लगा रहता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी छात्र-छात्रओं, एवं पालकों का विशेष सहयोग रहा। जिसके कारण यह कार्यक्रम इतना सफल हुआ सभी बच्चों एवं बालकों ने इसी तरह के कार्यक्रम बीच-बीच में संचालित करने के लिए स्कूल प्रबंधन से अनुरोध किया ताकि बच्चों का भौतिक, शारीरिक एवं मानसिक विकास हो सके। कार्यक्रम में सभी शिक्षक व प्राचार्य उपस्थित थे।



### बच्चों ने राउत नाच और सुआ नृत्य की प्रस्तुति दी



**खरोरा।** मां शारदा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरोरा में दीपावली के अवसर पर शनिवार को राउत नाचा, गौरा- गौरी, सुआ नृत्य का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के शिक्षकों का विशेष योगदान प्रमुख रहा। यह जानकारी संस्था के प्राचार्य पीएन साहू ने बताया कि स्कूल में बच्चों को हमारी संस्कृति और परंपरा से परिचित कराते हैं। इसी क्रम में स्कूल में छोटे बच्चों को पहले सुआ नृत्य के बारे में बताया गया कि यह नृत्य कब और क्यों किया जाता है।

### स्कूल में दीप उत्सव...



**पलारी।** हैलो किड्स स्कूल में विद्यार्थियों द्वारा गत दिनों दीपावली पूर्व दीप प्रज्वलित कर दीप पर्व उत्साह के साथ मनाया गया। इस दौरान बच्चों ने आकर्षक रंगोली भी बनाई तथा सभी बच्चों ने फुलझड़ी जलाकर दीपावली त्योहार का स्वागत किया। स्कूल के संचालक भाग्यश्री चंदन साहू ने विद्यार्थियों व शिक्षकों को दीपावली पर्व की शुभकामनाएं दी।

# मोहम्मद रफी के गीतों से संगीत प्रेमी हुए भावविभोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

नगर पंचायत पलारी बाजार चौक में शनिवार को मोहम्मद रफी की याद में भव्य संगीत मय कार्यक्रम एक सुरीली शाम, मोहम्मद रफी के नाम का आयोजन नगर पंचायत अध्यक्ष यशवर्धन मोनू वर्मा के द्वारा किया गया।



कार्यक्रम के मुख्य गायक डॉ. डॉक्टर मनीष श्रीवास्तव, जसविंदर सिंह सग्गू, डॉ.सुजय श्रीवास्तव, डॉ.शचि जोहरी, मोना भामकर ने रफी के गानो को अपने आवाज में पिरोया, इन गायककारों ने रफी साहब दिल छू लेने वाले गीतों को आवाज देकर संगीत प्रेमी मंत्रमुग्ध हुए तथा झुमने पर मजबूर कर दिया। नप अध्यक्ष यशवर्धन मोनू वर्मा के द्वारा सर्वप्रथम कलाकारों को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर नगर के साथ साथ रायपुर, बलौदाबाजार, सहित क्षेत्रवासी जन उपस्थित रहे जिसमें वरिष्ठ भाजपा नेता बिपिन बिहारी वर्मा, जनपद अध्यक्ष खिलेंद्र वर्मा, डॉ. आ के अग्रवाल, केके वर्मा, डॉ, बीएस ध्रुव, ओम प्रकाश वर्मा, योगेश वर्मा, तानाजी जाधव, धीरज बाजपेई, पत्रकार, रामाधार पटेल, रज्जाक खान, शेखर वर्मा, यमलोक साहू, महेश डीडी, कुश अग्रवाल, अमित वर्मा,पार्षद ताजेंद्र कनौजे, सुभाष वर्मा, प्रतिनिधि भुषण ठेठवार, भोला वर्मा, राधे वर्मा, डीपी धुरंधर, प्रेमदास,डोमार वर्मा, राकेश त्रिपाठी, खूबी राम, जोगी, नेतरंजन निर्मलकर, तुंगनाथ वर्मा, रसूल बेग सहित भारी संख्या में पुराने गानों को सुनने वाले श्रोता उपस्थित थे।

### चैंबर और कैट ने स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने चलाया अभियान

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

छत्तीसगढ़ चैंबर आफ कामर्स और कैट की सीजी चेप्टर इकाई ने स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने आया त्योहार चलो बाजार अभियान शुरू किया है। इसके तहत समाज के जरूरतमंद लोगों के घरों में रोशनी लाने 11 हजार मिट्टी से बने दीपों का वितरण किया गया। रवि भवन जयस्तंभ चौक पर इस कार्यक्रम की शुरुआत चैंबर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी ने की। चैंबर प्रदेश अध्यक्ष श्री पारवानी ने बताया कि दीप वितरण कार्यक्रम चैंबर की ओर से एक छोटी सी पहल है। इसके माध्यम से प्रदेश के 12 लाख व्यापारियों और आम जनता से यह अपील है कि वे चाइनीज लाइटों एवं चाइनीज डेकोरेटिव प्रोडक्ट्स का पूर्ण रूप से बहिष्कार कर मिट्टी के दीए जलाएं। स्वदेशी उत्पादों की खरीदारी कर पर्यावरण संरक्षण में अपनी सहभागिता दे सकते हैं। चैंबर और कैट सीजी चेप्टर इकाई के दीप वितरण कार्यक्रम में 11-11 दीपों का 1 हजार पैकेट तैयार कर 11 हजार दीपक वितरित किए गए। इस अवसर पर चैंबर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, कैट सीजी चेप्टर के परमानंद जैन, कार्यकारी अध्यक्ष वासु माखीजा, युवा कैट अध्यक्ष अवनीत सिंह, मंत्री रतन सिंह सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**बिजनेस साइट**

# कैलाश ज्वेलर्स को मिल रहा अच्छा प्रतिसाद ग्राहक कर रहे जमकर खरीदारी

- गोल्ड, डायमंड, सिल्वर, जड़ाऊ एवं कुंदन जड़ित ज्वेलरी का खास संग्रह उपलब्ध



**बलौदाबाजार।** सराफा बाजार में कुछ दिनों से ग्राहकों की चहल पहल बढ़ने तथा खरीदारी किए जाने से व्यावसायियों में उत्साह छाया हुआ है। बढ़ती महंगाई के दौर तथा सोने चांदी के भाव में उछाल का माहौल होने के बावजूद अच्छी ग्राहकी बनी हुई है। नगर के नेहरू चौक मार्ग स्थित कैलाश ज्वेलर्स के संचालक कैलाश सोनी ने बताया है कि गत 34 वर्षों से संचालित उनके प्रतिष्ठान के प्रति लोगो का भरोसा कायम है। उनके यहां त्यौहारी तथा शादी ब्याह के सीजन के लिए विशेष रूप से गोल्ड,डायमंड, सिल्वर,जड़ाऊ एवं कुंदन जड़ित ज्वेलरी का खास संग्रह उपलब्ध है। इसके अलावा गिफ्ट करने या घरेलू उपयोगी सोने व चांदी के सिक्के,पूजा के बर्तन सहित कई अन्य तरह के आइटम हमेशा उपलब्ध रहते हैं। छत्तीसगढ़ के लोगों की पसंद के अनुरूप ट्रेडिशनल,कस्टमाइज ज्वेलरी की सुविधा भी है। आभूषणों की शुद्धता को ध्यान में रखते हुए संस्थान द्वारा हॉलमार्कयुक्त सौ प्रतिशत वापसी की गारंटी से ग्राहकों का उन पर भरोसा बना हुआ है।

**यज्ञ, पूर्णाहुति, शोभायात्रा के साथ हुआ शिव महापुराण का विराम**

# भगवान शिव स्तुति करने से श्रद्धालु भक्तों को मिलते हैं बड़े लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम एमकेबाहरा में शिव महापुराण के विराम दिवस पंडित अरुण तिवारी ने आखिर कैसे हुई शिव तांडव स्तुति की रचना के संदर्भ में उपस्थित श्रोतागण को कथा का रस पान कराया। उन्होंने बताया शिव स्तुति करने से बड़े लाभ भक्तों को मिलते है। भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए उनके निमित्त कई पूजा-पाठ शास्त्रों में बताए गए हैं। लेकिन शिव तांडव स्तोत्र शिव पूजा से जुड़ी एक अद्भुत कथा है। शिवमहापुराण के अनुसार देवों के देव महादेव सभी के इष्ट हैं, चाहे वह देव हो या दानव हर किसी पर उनकी कृपा बरसती है। यहां तक कि लंका के राजा रावण जैसा अहंकारी भी शिव भक्तों की प्रथम सूची में गिना जाता था।



भोलेनाथ के सबसे लोकप्रिय स्तुति शिव तांडव स्तोत्र की रचना से जुड़ी पौराणिक कथा कि लंका पति रावण भगवान शिव की आराधना करता था और उन्हें अपना गुरु भी मानता था।

पौराणिक कथा के अनुसार एक बार रावण ने सोचा की क्यों न भोलेनाथ को कैलाश पर्वत सहित उठा कर अपने सोने की लंका में ले आया जाए। जब रावण अपने अहंकार से लिप्त कैलाश पर्वत की ओर बढ़ा तो उनको शिव के वाहन नंदी ने रोका और कहा कि रावण आप कैलाश की सीमा को पार नहीं कर सकते, क्योंकि प्रभु अपनी तपस्या में लीन हैं और उनकी तपस्या में आप विघ्न डालने का प्रयास न करें। इतने में रावण को क्रोध आया और उसने वह सीमा लांघ दी और अपने बल के प्रयोग से कैलाश पर्वत को जैसे ही उठाने चला भगवान शिव ने कैलाश को अपने पैर के एक अंगूठे से दबा दिया और रावण शरीर सहित उस कैलाश पर्वत के नीच दब गया। तब उसने शिव को प्रसन्न करने के लिए स्तुति की, उस स्तुति से शिव प्रसन्न हुए और रावण को मुक्त किया। रावण ने जो स्तुति कि वह शिव तांडव स्तोत्र के नाम से जानी गई। इस स्तुति का वर्णन वाल्मिकी रामायण में भी देखने को मिलता है।

### यज्ञ हवन कर निकाली गई शिवमहापुराण की शोभायात्रा

इस प्रकार शिव तांडव स्तोत्र की रचना रावण द्वारा हुए शिव तांडव से भगवान महादेव की असीम कृपा प्राप्त होती है। यदि किसी कार्य में बार-बार रुकावटें आ रही हैं और सफलता हाथ नहीं लग रही, तो यह स्तोत्र का नित्य पाठ करने से हर कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण हो जाता है। मान्यता है कि जिन लोगों का आत्मबल कमजोर होता है, यदि वह शिव तांडव स्तोत्र का पाठ नित्य करते हैं तो उनको सकारात्मक परिणाम देखने को मिलता है और उनका मनोबल मजबूत होता है। शिव महापुराण के अनुसार शिव तांडव स्तोत्र का नित्य नियमपूर्वक पाठ करने से जीवन का दुःख, चिंता, अनेक प्रकार का भय और ग्रह दोष से शीघ्र मुक्ति मिलती है और शिव कृपा बरसती है। कथा पश्चात यज्ञ हवन कर आम भंडारा का आयोजन हुआ। शिवमहापुराण की शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें गांव के प्रायः सभी घरों के द्वार पर रंगोली से सजावट कर शोभायात्रा का देर रात तक स्वागत किया गया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

